# अब जिले में आईपीएल सट्टे का 'हाईटेक' जाल

## होटल, लॉज, चलती गाड़ियां और 'काली कार' से संचालित हो रहा नेटवर्क, युवाओं का भविष्य दांव पर

**सिवनी नवभारत ।** जैसा कि लगातार नवभारत समाचार पत्र पुलिस विभाग का ध्यान आकर्षित करते हुए निष्पक्षता से इस गंभीर मुद्दे पर लगातार खबर प्रकाशित कर रहा है इसके बाद भी पुलिस विभाग कार्यवाही क्यों नहीं कर रही है इस बात का पता तो पुलिस विभाग को ही पता होगा ! और अब फिर एक नया मामला देखने और सुनने को मिला है जहां कई काले रंग की कार आईपीएल का खेल शुरू है ! यह काली रंग की कार एसडीएम रैंक के अधिकारी से जुड़ने की खबर सामने आ रही है आईपीएल के शुरू होते ही जिले में सट्टेबाजी का अवैध कारोबार एक बार फिर तेजी से फैल गया है ।और इस बार सटोरियों ने पारंपरिक ठिकानों से आगे बढ़ते हुए अपने नेटवर्क को पूरी तरह हाईटेक बना लिया है। शहर के होटल, लॉज, लग्जरी काली गाड़ियां और अब एक काली रंग की कार इस अवैध कारोबार के प्रमुख माध्यम बनकर उभरी है, जिससे कानून-व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं। सूत्रों के अनुसार, सट्टा संचालित करने वाले सरगना और उनके सहयोगी शहर में बेखौफ सक्रिय हैं। कलेक्शन एजेंटों के जरिए शहर के अलग-अलग हिस्सों में घूम-घूमकर दांव लगवाए जा रहे हैं और रकम का लेनदेन किया जा रहा है।



शहर के प्रमुख चौराहों और भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में इनकी गतिविधियां खुलेआम देखी जा सकती हैं।

### डिजिटल लेनदेन से जांच में मुश्किल

सट्टे के इस नेटवर्क में अब नकद की जगह ऑनलाइन पेमेंट एप्स का इस्तेमाल तेजी से बढ़ा है। इससे जांच एजेंसियों को ठोस सबूत जुटाने में कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है। विशेषज्ञों का मानना है कि साइबर सेल के माध्यम से कॉल डिटेल और डिजिटल ट्रांजेक्शन की जांच की जाए तो बड़े खुलासे संभव हैं।

सूत्रों के अनुसार, भैरोगंज क्षेत्र में भी इस सट्टा नेटवर्क से जुड़े लेनदेन देखे जाने की बात सामने आई है। इसके बावजूद अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं होने से आमजन में नाराजगी बढ़ रही है।



आईपीएल के साथ फैला हाईटेक सट्टेबाजी का जाल



जिले में 'हाईटेक सट्टा' बेखौफ, पुलिस अधीक्षक को खुली चुनौती

एक जागरूक नागरिक का कहना है, सट्टेबाज अब इतने निडर हो चुके हैं कि उन्हें पुलिस का कोई खौफ नहीं रहा। शहर में खुलेआम गतिविधियां संचालित हो रही हैं।

### युवाओं का भविष्य संकट में

सट्टे की लत ने जिले के कई युवाओं को अपनी चपेट में ले लिया है। आसान कमाई के लालच में युवा इस अवैध कारोबार की ओर आकर्षित हो रहे हैं, जिससे उनका भविष्य खतरे में पड़ता जा रहा है। जिसको देखते हुए अब जिले मै हो रहे संचालित अवैध गतिविधियों सहित की कार्रवाई की मांग तेज हो रही है आईपीएल के हर मैच के साथ करोड़ों रुपये इस सट्टे में दांव पर लगाए जा रहे हैं। ऐसे में अब लोगों की नजरें पुलिस और प्रशासन पर टिकी हैं। यदि समय रहते सख्त कार्रवाई की जाती है, तो न केवल इस अवैध नेटवर्क पर लगाम लग सकती है, बल्कि युवाओं के भविष्य को भी सुरक्षित किया जा सकता है। अब देखना है कि उसके बाद भी पुलिस इस अंजाम पर अंकुश लगती है या फिर ऐसे लोगों को संरक्षण देकर जिले के युवक नौजवानों और सीधे-साधे भोले भाले लोगों का शिकार होते रहेंगे !

## 'काली कार' बनी चर्चा का केंद्र



शहर में इन दिनों एक काले रंग की गाड़ी को लेकर खास चर्चा है, जिसमें घूम-घूमकर आईपीएल सट्टे का संचालन किए जाने की बात सामने आ रही है। सूत्रों का दावा है कि इस वाहन से जुड़े लोगों के प्रभावशाली संपर्क होने की चर्चाएं भी चल रही हैं। हालांकि, इन दावों की आधिकारिक पुष्टि नहीं हो पाई है।

### काली कार, रिसॉर्ट, होटल और लॉज बने कंट्रोल रूम, चलती गाड़ियों में 'मूविंग ऑफिस'

जानकारी के मुताबिक, शहर के कुछ होटलों और लॉजों के कमरों को सट्टेबाजों ने अस्थायी कंट्रोल रूम बना रखा है। यहां से लैपटॉप और कई मोबाइल फोन के माध्यम से ऑनलाइन सट्टा संचालित किया जा रहा है। लगातार ठिकाने बदलने के कारण इन तक पहुंचना मुश्किल हो रहा है। वहीं पुलिस कार्रवाई से बचने के लिए सटोरियों ने 'मूविंग ऑफिस' का तरीका अपनाया है। चार पहिया वाहनों में बैठकर शहर और बाहरी क्षेत्रों में घूमते हुए लाखों रुपये के दांव लगाए जा रहे हैं। इससे वे लगातार लोकेशन बदलते रहते हैं और पकड़ से दूर रहते हैं।

### स्वास्थ्य विभाग सहित अन्य कर्मचारियों की भूमिका पर भी सवाल

स्थानीय स्तर पर यह भी चर्चा है कि कुछ विभागीय कर्मचारी और निजी संस्थानों से जुड़े लोग भी इस अवैध गतिविधि में शामिल हो सकते हैं। हालांकि, इन मामलों की पुष्टि जांच के बाद ही हो सकेगी। जो इस समय आईपीएल में हिस्सेदारी या पार्टनरशिप या फिर हो सकता है कि ऐसे कर्मचारी भी इस कारोबार में लिप्त है जो बड़ा ही गंभीर विषय माना जा रहा है जो एक सरकारी कर्मचारी इस तरह की अवैध गतिविधियों में बेखौफ होकर विभाग और अपनी चिंता कर का ख्याल ना रखते हुए इस तरह की गतिविधियों में शामिल रहना सरकारी कर्मचारियों को यह शोभा नहीं देती साथ ही अगर विभाग के कर्मचारियों की कॉल डिटेल खंगाली जाए तो निश्चित तौर पर स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी कर्मचारी के अलावा और भी विभाग के कर्मचारी जो इस कारोबार में लिप्त होगे वह भी सामने आ जाएंगे.



# बदला मौसम का मिजाज, आकाशीय बिजली गिरने से दो की मौत

**सिवनी नवभारत।** जिले में मौसम का मिजाज बदला हुआ है। शनिवार सुबह से हल्की रिमझिम बारिश जारी है, जिससे तापमान में गिरावट आई है। हालांकि, इस मौसमी बदलाव ने किसानों की चिंता बढ़ा दी है। शुक्रवार को जिले के कई हिस्सों में तेज आंधी और बारिश के साथ कुछ स्थानों पर ओलावृष्टि भी हुई। इस मौसमी गतिविधि के दौरान दो अलग-अलग घटनाओं में आकाशीय बिजली गिरने से दो लोगों की मौत हो गई। बरघाट क्षेत्र के मंडी गांव में छह वर्षीय प्रांशु मरकाम की घर के बाहर खेलते समय बिजली गिरने से मौके पर ही मौत हो गई। दूसरी घटना डूंडासिवनी क्षेत्र के उड़ेपानी और बंजारी गांव के पास हुई, जहां रमजान खान खेत से लौटते समय आकाशीय बिजली की चपेट में आ गए और उनकी भी घटनास्थल पर ही मौत हो गई।

शुक्रवार शाम को बरघाट क्षेत्र में तेज आंधी चली, जिससे कई स्थानों पर पेड़ और बिजली पोल गिर गए। सिवनी-बालाघाट मार्ग पर पेड़ गिरने से यातायात कुछ समय के लिए बाधित रहा। धारना, आष्टा, बोरी, जेवनारा और खारी सहित कई गांवों में बिजली के तार टूटने और पोल गिरने के कारण विद्युत आपूर्ति ठप हो गई। तेज हवाओं से कई दुकानों और मकानों के शेड भी उड़ गए। धूमा थाना क्षेत्र के धनककड़ी गांव में चने के आकार के ओले गिरने की सूचना मिली है।

ओलावृष्टि और तेज बारिश से गेहूं सहित अन्य फसलों को नुकसान पहुंचा है, जिससे किसानों में चिंता है। हालांकि, फसलों के वास्तविक नुकसान का आकलन अभी किया जाना बाकी है। मौसम विभाग ने जिले में बारिश और ओलावृष्टि की चेतावनी पहले ही जारी कर दी थी। शुक्रवार रात भर तेज हवाओं और गरज-चमक के साथ बारिश होती रही। शनिवार सुबह से जारी हल्की बारिश ने मौसम को ठंडा और सुहावना बनाया है, लेकिन किसानों के लिए यह चिंता का विषय बना हुआ है।

## एक नजर में

### पूजा राणा ने संभाला बरघाट तहसीलदार का प्रभार



बरघाट । शनिवार को पूजा राणा ने बरघाट तहसीलदार के रूप में पदभार ग्रहण कर लिया, इसके पूर्व वे नायाब तहसीलदार के रूप में पूजा राणा बरघाट तहसील में कार्य कर चुकी है, इस क्षेत्र से परिचित होने के कारण उन्हें तहसीलदार के रूप में कार्य करने में उन्हें आसानी होगी, तहसीलदार के रूप में पदभार के बाद उससे कल बरघाट में आंधी के साथ भारी बारिश के कारण क्षेत्र में हुये नुकसान के बारे में जानकारी लेने पर उन्होंने बताया कि बरघाट क्षेत्र के आसपास कल आंधी तूफानों और बारिश से आकाशी बिजली गिरने से एक बालक की मौत हो गयी थी, वहीं क्षेत्र में मकानो की छप्पर उडने के साथ, एक मुर्गी मुर्गी फार्म का छतिगस्त होने व गांवों मे पेड़ और विद्युत पोल गिरने के सुचना के बाद पटवारी को नुक्सान के संबंध तत्काल कार्यवाही कर रिपोर्ट बनाने के निर्देश दिये।

### विधायक दिनेश राय मुनमुन भण्डारा में हुए शामिल



सिवनी। विधायक दिनेश राय मुनमुन ने महाप्रसाद विशाल भण्डारा कार्यक्रम मे शामिल हुए। संकट मोचन बजरंगबली हनुमान जी के जन्मोत्सव के पावन अवसर पर प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी आज नागपुर रोड स्थित श्री सिद्ध शनिदेव मंदिर पलारी टेकडी मे आयोजित पूजन, अभिषेक महाप्रसाद विशाल भण्डारा कार्यक्रम मे भाजपा विधायक दिनेश राय मुनमुन*ने शामिल हुए और मंदिर मे दर्शन-पूजन कर पुण्य लाभ अर्जित किया। इस दौरान समिति पदाधिकारियों द्वारा आपश्री का शाल श्रीफल भेंटकर कर स्वागत किया गया। इस अवसर पर संतोष अग्रवाल जिला महामंत्री भाजपा, पंकज जैन अध्यक्ष अधिवक्ता संघ, घनश्याम बघेल अध्यक्ष नमोविमं, मुकेश चंदेल, असलम मिर्जा, किशन साहू, राजीव जैरथ अखिलेश राय जेवनारामाल, अखिलेश पांडे जी सहित बड़ी संख्या मे श्रद्धालुओं की गरिमामय उपस्थिति रही।

### विधा भारती ने संस्कृति कश्यप को किया पुरस्कृत



सिवनी। गत दिवस विधा भारती मध्य प्रांत द्वारा भोपाल के कोटरा में सरस्वती विधा मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित हुआ। इस अवसर पर नगर निगम भोपाल अध्यक्ष किशन सूर्यवंशी,विधा भारती के दीदी सुमित्रा मिश्रा ,वीरेंद्र सिंह सेंगर ,सुशील मित्तल ,राजेश पांडे एवं स्कूल प्राचार्य विनय मिश्रा मुख्य रूप से उपस्थित थे इस गौरान्वित आयोजन के माध्यम से विभिन्न प्रतिभाओं से जुडे विद्याथियों को अपने अपने कला कौशल में अग्रणीय होने पर पुरस्कृत किया गया इसी क्रम में संस्कृति कश्यप को खो खो अंतरराज्यीय खेल में प्रतिभागी बनने और उसके खेल के प्रति उत्कृष्ट लगन के करण ट्राफी और प्रशस्त पत्र से भेंट कर सम्मानित किया जहां विधा भारती द्वारा पुरुस्कृत छात्र -छात्रों को अपने अभिभावकों के साथ उनका सम्मान दिया गया इस अवसर पर संस्कृति कश्यप कि माता जी श्री मति पूजा कश्यप भी उपस्थित थी।

## जनगणना में संशोधन को लेकर राष्ट्रीय मुस्लिम मोर्चा 23 को करेगा भारत बंद

**सिवनी नवभारत।** राष्ट्रीय राष्ट्रीय मुस्लिम मोर्चा एवं राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग मोर्चा का मध्य प्रदेश छठ राज्य अधिवेशन 4 अप्रैल को साद लान में आयोजित किया गया इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि हजरत मौलाना डॉक्टर मुफ्ती मोहम्मद इरफान आलम साहब कासमी प्रधान संरक्षक राष्ट्रीय मुस्लिम मोर्चा मध्य प्रदेश थे मुस्लिम विशेष अतिथि के रूप में विनोद डोंगरे केंद्रीय समिति सदस्य बामसेफ नई दिल्ली उपस्थित हुए



मुख्य अतिथि केरूप में दो मुक्ति मोहम्मद इरफान आलम ने कहा कि आज देश में शासक जातियों के द्वारा लगातार आए दिन बेगुनाह मुसलमानो को सबके बुनियाद पर कभी जेल में डालना, कभी नवलीचिंग के नाम पर हत्याये, अंजाम नवाज हिजाब, के नाम पर निशाना बनाया जाता है इबादतगांहों और और बफ बोर्ड की संपत्ति पर नाजायज तरीके से कब्जा किया जा रहा है साजिश से की जा रही है इस साजिश की असल वजह भारत के मुसलमान के अंदर कौन जालिम है कौन मजलूम है इस बात की बेदारी ना होना ही है जिसकी वजह से देश में बार-बार एक जालिम का विकल्प का दूसरा जालिम शासक बन रहा है इसलिए उक्त मुद्दों पर खुलकर चर्चा करने के लिए विषय रखे गए हैं आयोजन में मौलाना याकूब साहब उमरी शाहिद अनेक लोग उपस्थित रहे राष्ट्रव्यापी चरणबद्ध आंदोलन का चौथा चरण 23 अप्रैल 2026 को भारत बैंड के रूप में किए जाने की घोषणा की गई है जिसमें केंद्र सरकार द्वारा कैबिनेट में ओबीसी की जाति आधारित जनगणना का फैसला करने के बावजूद भी जनगणना नोटिफिकेशन में ओबीसी की जातियां कलम नहीं दिया गया है घोषित करने के बाद भी ओबीसी के जाति के कलम को ना दिया जाना ओबीसी के साथ धोखेबाजी है इसलिए इस साल से होने वाली राष्ट्रीय जनगणना में ओबीसी का एवं जाति का कॉलम बढ़ाया जाए इसके लिए मांग की जाएगी ।

## 6 से 14 अप्रैल तक श्रीमद् भागवत सप्ताह ज्ञान यज्ञ

**सिवनी नवभारत।** राजश्री पैलेस, विमला नगर हाऊसिंग बोर्ड कॉलोनी, छिंदवाड़ा रोड पर 6 अप्रैल से 14 अप्रैल 2026 तक श्रीमद् भागवत सप्ताह ज्ञान यज्ञ का भव्य एवं धार्मिक आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन टांक परिवार के सान्निध्य में आयोजित होगा, जिसमें क्षेत्र के श्रद्धालुओं को धर्मलाभ प्राप्त होगा।

कथा का वाचन कथावाचक पं. प्रेमकृष्ण शास्त्री (संगीत विशारद, सिवनी) द्वारा प्रतिदिन दोपहर 2:30 बजे से शाम 6:30 बजे तक किया जाएगा। 6 अप्रैल को दोपहर 1 बजे श्री गणेश मंदिर, शंकराचार्य चौक से भव्य शोभायात्रा के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ होगा,



जिसके पश्चात मंडल प्रतिष्ठा पूजन एवं भागवत माहात्म्य की कथा होगी। सप्ताह भर चलने वाली कथा में विभिन्न धार्मिक प्रसंगों का विस्तार से वर्णन किया जाएगा, जिसमें कुंती स्तुति, भीष्म स्तुति, कपिलोपाख्यान, ध्रुव चरित्र, जड़-भरत प्रसंग, अजामिल कथा, भगवान के विभिन्न अवतार, श्रीकृष्ण जन्मोत्सव, रास पंचाध्यायी, उद्धव-गोपी संवाद, रूक्मिणी विवाह, सुदामा चरित्र एवं भगवान की बाल लीलाएं प्रमुख रूप से शामिल रहेंगी। 11 अप्रैल को गोवर्धन पूजन (56 भोग) एवं सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया जाएगा।

कार्यक्रम का समापन 14 अप्रैल को श्रीमद् भगवद्गीता पाठ, पूर्णाहुति एवं महाप्रसाद वितरण के साथ होगा। कथा का सीधा प्रसारण यूट्यूब चैनल "Pt Premkrishna Tiwari पर किया जाएगा। आयोजकों द्वारा सभी श्रद्धालुजनों से अपील की गई है कि वे सपरिवार उपस्थित होकर इस पावन कथा का श्रवण कर पुण्य लाभ प्राप्त करें।

### बाइक को मारी टक्कर युवक की मौत

**छपारा नवभारत।** नगर से लगभग 9 किलोमीटर दूर ग्राम अंजनिया के पास भीमगढ - छपारा सड़क पर शादी समारोह से अपने गांव लौट रहे बाइक सवार दो युवकों को अज्ञात वाहन ने पीछे से टक्कर मारी जिससे बाइक सवार दोनों युवक गिर पडे और मौके पर एक की मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसार विगत 3 अप्रैल को रात्रि लगभग 1 बजे शादी समारोह से लौट रहे हीरालाल परते पिता दुलमसिंग 24 वर्ष और संजय मर्सकोले पिता दूलमसिंग मर्सकोले 28 वर्ष ग्राम अकलमा निवासी दोनों युवक बाइक से लौटते समय ग्राम अंजनिया गांव के पास भीमगढ छपारा रोड पर पीछे से अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी दुर्घटना में हीरालाल परते की सिर में आई गंभीर चोट से मौके पर मौत हो गई वहीं संजय मर्सकोले को सिर और कमर पर चोटें आई जिसे सूचना पर छपारा 108 ईएमटी प्रतुल श्रीवास्तव एवं पायलट राजा डेहरिया ने पहले सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र छपारा पहुंचाया जहां घायल की गंभीर हालत को देखते हुए जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया गया

## छपारा में नल-जल योजना के कार्य से बढ़ी परेशानियां

**छपारा नवभारत।** नगर परिषद छपारा द्वारा अमृत 2 योजना अंतर्गत करोड़ों रुपए की लागत से नवीन पाईप लाईन से लेकर नए फिल्टर, नई टंकियां सहित भीमगढ़ बांध में इंटकवेल बनाने का काम ठेकदार शुरू कर दिया गया जिसके चलते,इन दिनों नल-जल योजना के तहत नगर के सभी वार्डो में पाइपलाइन बिछाने का कार्य तेज़ी से किया जा रहा है। टंकियों से वार्डों तक पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करने के उद्देश्य से यह कार्य किया जा रहा है, लेकिन इसके चलते नगरवासियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।



बताया जाता है कि पाइपलाइन बिछाने के लिए कई स्थानों पर सड़कों के किनारे पर्याप्त जगह नहीं होने के कारण जेसीबी मशीन से मुख्य सड़कों को खोद दिया गया है। इससे नगर की प्रमुख सड़कें जगह-जगह से उखड़ गई हैं और इस समय की बेमौसम बारिश से कीचड़ व दलदल में तब्दील हो गई हैं।

सड़कें खराब होने के साथ ही जल निकासी व्यवस्था भी प्रभावित हुई है, जिससे कई स्थानों पर पानी जमा हो रहा है। इससे मच्छरों का प्रकोप बढ़ने लगा है और लोगों का जीना दुभर हो गया है।

एक ओर जहां यह योजना भविष्य में पेयजल की सुविधा प्रदान करेगी, वहीं वर्तमान में ठेकेदार द्वारा किए जा रहे अव्यवस्थित कार्य से आमजन में नाराजगी देखी जा रही है। नगरवासियों का कहना है कि कार्य को व्यवस्थित तरीके से किया जाए और खुदाई के बाद सड़कों को पहले जैसी स्थिति में शीघ्र बहाल किया जाए।स्थानीय लोगों ने नगर परिषद से मांग की है कि निर्माण कार्य में गुणवत्ता और व्यवस्था का विशेष ध्यान रखा जाए, ताकि आमजन को हो रही परेशानियों से राहत मिल सके।

### इनका कहना है

अमृत 2 योजना अंतर्गत नगर परिषद क्षेत्र में इस समय जगह जगह पानी की टंकी सहित पेयजल सप्लाई हेतु पाईप लाईन विस्तार का कार्य जारी है, इससे थोड़ी अव्यवस्था तो हो रही किंतु संबंधित ठेकेदार द्वारा पाईप लाईन डालने के बाद सभी सड़कों को यथावत रिपेयर कर दिया जाएगा।

**दीपक उईके उपयंत्री**
**नगर परिषद छपारा**

## चतुर्थ समयमान वेतनमान से शिक्षकों में हर्ष

**सिवनी नवभारत।** मुख्यमंत्री डॉक्टर मोहन यादव द्वारा शिक्षक दिवस की अवसर पर सभी उच्च श्रेणी शिक्षक सहायक शिक्षक प्राथमिकशिक्षक को चतुर समय मान वेतनमान प्रदान करने की घोषणा की गई थी इसी तारतम में विगत माह भोपाल में मध्य प्रदेश शिक्षक संघ द्वारा प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ यादव एवं स्कूल शिक्षा मंत्री राहुल उदय प्रताप सिंह जी का सम्मान समारोह आयोजित किया गया था इन सब बातों को मध्य नजर रखते हुए कल मध्य प्रदेश शासन सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा सभी उच्च श्रेणी शिक्षक सहायक शिक्षक प्राथमिक शिक्षा के माध्यमिक शिक्षकों को भी 1 जुलाई 2023 एवं उसके पश्चात 35 वर्ष की सेवाएं पूर्ण की हैं समय मान वेतनमान प्रदान करने के आदेश जारी कर दिए गए शिक्षकों को इस उपलब्धि प्रदान करने में मध्य प्रदेश शिक्षक संघ के प्रांतीय अध्यक्ष डॉक्टर छत्रवीर सिंह राठौर एवं समस्त प्रांतीय कार्यकारिणी ने लगातार अपने अथक प्रयास के माध्यम से बार-बार मंत्रालय तथा लोक शिक्षण



आयुक्त के चक्कर लगाकर इस कार्य को पूर्ण कराया है।

जिले के लाभान्वित शिक्षक प्रांतीय अध्यक्ष डॉक्टर राठौड़ का एवं उनकी प्रांतीय कार्यकारिणी का हृदय से आभार व्यक्त करती है क्योंकि इस आदेश के जारी होने से प्रदेश के सभी शिक्षक को लगभग तीन से 5000 का वित्तीय लाभ होने की संभावना है। विजय शुक्ला जिला अध्यक्ष अविनाश पाठक संगठन मंत्री अनिल शर्मा जिला सचिव संतोष सूर्यवंशी कोषाध्यक्ष श्री कन्हैया लाल पटले एवं समस्त विकासखंड तहसील एवं नगर की शाखों ने मध्यप्रदेश शिक्षक संघ की उपलब्धि पर प्रसन्नता जाहिर की है तथा प्रांतीय कार्यकारिणी से भविष्य में भी आगामी समय में प्रदेश के अध्यापक संवर्ग को नियुक्ति दिनांक से वरिष्ठता प्रदान करने की मांग भी प्रमुखता से रखी है ।

**दुर्दशा** | नाली निर्माण के लिए राशि स्वीकृत पर निर्माण नहीं, आवागमन में हो रही आमजनों को परेशानी

# स्वच्छता अभियान की उड़ रही धज्जियां, व्यर्थ बहाया जा रहा पानी

**धारना कलां नवभारत।** जहां स्वच्छता अभियान के नाम पर लाखों रुपए पानी की तरह बहाया जा रहा है वहीं स्वच्छता के नाम पर ग्राम पंचायत में राशि के नाम पर कागजी खेल चल रहा है चारों तरफ गंदगी का साम्राज्य व्याप्त है किंतु इस ओर ध्यान देने की आवश्यकता कोई नहीं समझ रहा है बस्ती की ओर जाने वाली मुख्य सड़क में घरों से बहने वाला वाला पानी तथा बरसात में एकत्रित पानी ग्रामीणों के लिए और खासकर आवागमन के परेशानी का सबब बना हुआ है आए दिन लोग कीचड़ युक्त रोड में भरे पानी से आना जाना कर रहे है किंतु यहां की साफ सफाई पर किसी का ध्यान नहीं जा



रहा है जबकि जिस स्थान पर गंदगी युक्त पानी भरा रहता है उसी स्थान पर आस्था का मंदिर स्थापित है साथ ही लाखों करोड़ों रुपए से निर्मित पानी की टंकी बनी है

यहां यह भी उल्लेखनीय है की नाली निर्माण के लिए लगभग चार लाख रुपए की स्वीकृति ग्राम पंचायत धारना कलां को तीन माह पूर्व ही प्राप्त हो चुकी है किंतु तीन माह का समय बीतने के बाद भी ग्राम पंचायत धारना कलां को नाली निर्माण कार्य करने की सुध नहीं है लोगों की परेशानी तथा दिक्कतों को ग्राम पंचायत लगातार दरकिनार करते आ रही है और यह भी स्पष्ट दिखाई दे रहा है जहां पंचायत के जवाबदारों की गाढ़ी कमाई का जरिया होता है वहीं काम कागजों में जरूर पूरे हो जाते है जब इस संबंध में उपयंत्री से बात की गई तो उनका कहना है की कार्य ग्राम पंचायत को करना है नाली निर्माण की स्वीकृति तथा वर्क आदेश पहले ही हो चुका है अगर पंचायत लोगों की समस्याओं से जुड़े कार्य नहीं करा रही तो हम क्या कर सकते है।

ग्राम पंचायत धारना कलां में पदस्थ सचिव महोदय सिवनी से अपडाउन करते है जिसके चलते पंचायत में अधिकतर समय ताला लटका रहता है वैसे तो ग्राम पंचायत में पांच से छै कर्मचारी वेतन ले रहे है किंतु लोगों को इसके बाद भी समस्याओं से जूझना पड़ता है वहीं बिलों के भुगतान में जरूर सचिव महोदय के हस्ताक्षर से बिलों का भुगतान हो जाता है किंतु ग्रामीणों की समस्याओं पर कोई ध्यान नहीं।


**कार्यालय नगर परिषद लखनादौन जिला-सिवनी (म.प्र.)**
**OFFICE OF NAGAR PARISHAD LAKHNADON DIST. SEONI (M.P.)**

Email:- cmolakhnadoan@mpurban.gov.in
cmo.lakh@gmail.com
Phone No. 07690-240139
Website: www.nplakhnadon.com

क्र. 1918/रा.शा./न.परि./2026-27 — **// ई- निविदा सूचना//** — लखनादौन दिनांक 02/04/2026

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर परिषद लखनादौन जिला सिवनी (म.प्र.) द्वारा मध्यप्रदेश नगर पालिका (अचर संपत्ति का अंतरण) नियम 2016 एवं संषोधित नियम मध्यप्रदेश राजपत्र (असाधारण) प्राधिकार से प्रकाशित नगरीय विकास एवं आवास विभाग मंत्रालय, वल्लभ भवन भोपाल दिनांक 4 मई 2021 में दिये गये प्रावधानों के तहत वित्तीय वर्ष 2026-27 हेतु दिनांक 01 मई 2026 से 31 मार्च 2027 (11 माह) की अवधि के लिए राजस्व वसूली हेतु नीचे तालिका में उल्लेखित निम्नलिखित ठेकों की वसूली हेतु ई-निविदा ऑनलाईन बेबसाईट www.mptenders.gov.in पर उपलब्ध है, नगर परिषद लखनादौन में ई-निविदा की दरें प्रस्तुत कर सकते है। निविदा का विवरण निम्नानुसार है :-

| टेण्डर क्रमांक | ठेका का नाम | वसूली का क्षेत्र | अमानत राशि | आरक्षित मूल्य | निविदा प्रपत्र मूल्य | अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 2026_UAD_497012_1 | अस्थाई दखल फीस वसूली ठेका | नगर परिषद सीमा क्षेत्र | 50,000/- | 5,29,200/- | 2,000/- | दिनांक 01 मई 2026 से 31 मार्च 2027 तक |
| 2026_UAD_497013_1 | साप्ताहिक बैठकी बाजार फीस वसूली ठेका | | 50,000/- | 3,73,332/- | 2,000/- | |
| 2026_UAD_497014_1 | मवेशी बाजार फीस वसूली ठेका | | 50,000/- | 1,74,000/- | 2,000/- | |
| 2026_UAD_497015_1 | वाहन पार्किंग शुल्क वसूली (बस, जीप, ऑटो, माल वाहन एवं अन्य वाहन) | | 50,000/- | 5,34,000/- | 2,000/- | |

1. नियम एवं शर्तें ऑनलाईन बेबसाईट www.mptenders.gov.in के माध्यम से देखी एवं प्राप्त की जा सकती है। 2. ऑनलाईन ई-निविदा प्रपत्र क्रय करने की तिथि 04/04/2026 प्रात: 10:30 बजे से दिनांक 20/04/2026 सायं 05:30 बजे तक है। 3. ऑनलाईन बिड सबमिट करने की अंतिम तिथि 20/04/2026 समय 05:30 बजे तक है। 4. ई-निविदा दिनांक 21/04/2026 को समय 17:35 बजे से खोली जावेगी। 5. निविदा में किसी प्रकार के संषोधन में केवल ऑनलाईन संषोधन किया जावेगा, इसका प्रकाषन समाचार पत्र में नहीं किया जावेगा। 6. निविदाकार/ठेकेदार द्वारा केवल ऑनलाईन के माध्यम से ही निम्नलिखित दस्तावेज अपलोड करना अनिवार्य होगा (अ) निविदाकार को निविदा के साथ नगर परिषद के पक्ष में देय निर्धारित अमानत राशि बैंक ड्राफ्ट / एफडीआर ।(ब) परिचय पत्र, आधार कार्ड, पेन कार्ड एवं आयकर चुकता का प्रमाण-पत्र (स) नगर परिषद के समस्त कर जैसे (संपत्ति कर, जलकर, भवन/भूमि/दुकान किराया) का चुकता प्रमाण-पत्र। 7. निविदा फार्म में अमानत राशि का भुगतान ऑनलाईन की मान्य होगा।

श्रीमति मीना बलराम गोल्हानी, अध्यक्ष, नगर परिषद लखनादौन
श्रीमति विजूशा प्रदीप राजपूत, उपाध्यक्ष, नगर परिषद लखनादौन
श्रीमति संगीता संजय गोल्हानी, सभापति, राजस्व एवं बाजार समिति
(श्याम गोपाल भारती), मुख्य नगरपालिका अधिकारी, नगर परिषद लखनादौन